कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam@gmail.com Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / ADV/004 रायपुर, दिनांक 13/05/19

प्रेस विज्ञप्ति

पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. (PEP19) प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, रायपुर द्वारा दिनांक 16 मई 2019, गुरूवार को दो पालियो में पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जावेगा । जिसके प्रवेश पत्र दिनांक 06.05.2019 से 12.05.2019 तक व्यापम वेबसाइट पर उपलब्ध थे ।

कुछ अभ्यर्थी फोन द्वारा व्यापम के हेल्पडेस्क पर व व्यक्तिगत रूप से जानकारी दे रहे हैं कि उन्होंने उक्त परीक्षाओं का संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किया है । कुछ अभ्यर्थियों द्वारा संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं करने के कारण परीक्षार्थियों के हित में संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा व्यापम ने बढ़ाकर दिनांक 15.05.2019 को सुबह 9:00 बजे तक कर दी है ।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अंतिम रूप से दिनांक 15 मई 2019, को सुबह 9:00 बजे तक उक्त परीक्षाओं के संशोधित प्रवेश पत्र अनिवार्यतः छ.ग. व्यापम की अधिकृत वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in से डाउनलोड कर लेवें ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर